मारवाड़ी सम्मेलन, कामरुप शाखा द्वारा नि:शुल्क योग प्रशिक्षण

मारवाड़ी सम्मेलन कामरुप शाखा एवं हरियाणा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय हरियाणा भवन में नि:शुल्क सप्त दिवसीय योग शिविर का उद्घाटन मंगलवार 2 मई 2017 को किया गया। आज पहले दिन 50 अभ्यार्थियों ने योग शिविर में भाग लिया। समाज बन्धुओं की मांग पर स्थायी रूप से आयोजित किया गया। इस शिविर में योग और प्राणायाम संबंधी क्रियाएं महेश योग समिति के सह-आचार्य श्री मदन मोहन मल्ल, श्री शंकर बिल, श्रीमती कुसुम जालान एवं श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा करवाया जा रहा है। साथही महेश योग समिति के हास्य सम्राट श्री सुशील किल्ला ने हंसी योग क्रिया करवा रहे है। नि:शुल्क सप्त दिवसीय योग शिविर में पहले दिन सम्मेलन कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया, मंत्री श्री निरंजन सीकरिया, कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक श्री दिनेश गुप्ता, सह संयोजक श्री अशोक अग्रवाल (सी.ए.), श्री राजीव अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य श्री राजेन्द्र गुप्ता एवं हरियाणा चेरिटेबर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री हरकेश अग्रवाला, मंत्री श्री मुकेश जिंदल, कोषाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र गोयल के अलावा पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के सांगठनिक मंत्री श्री अशोक अग्रवाल भी उपस्थित थे।

हरियाणा भवन में चल रहे योग शिविर का पांचवा दिन कुछ खास रहा। इस दिन राजस्थान सरकार के देवस्थान मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राजकुमारजी रिणवा ने योग शिविर में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होनें कहा कि मनुष्य जीवन में पहला सुख निरोगी काया का है जो योग क्रिया से ही संभव है। दूसरा पर्यावरण का शुद्ध रहना। इसके लिए अत्यधिक मात्रा में पेड़-पौधे लगाना है। इस काम को सामाजिक संस्थाए वृहत्तर स्तर पर कर सकती है। श्री रिणवाजी हरियाणा भवन में लोगों की उपस्थिति देखकर चकित होकर बोले कि इतनी सुबह सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति इस योग शिविर की सफलता को प्रमाणित करती है। इस पहले मारवाड़ी सम्मेलन कामरूप शाखा के अध्यक्ष श्री पवन जाजोदिया, मंत्री श्री निरंजन सीकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष श्री विनोद लोहिया ने रिणवा को फुलाम गमछा, जापी व सराई देकर सम्मानित किया। मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री कैलाश लोहिया, प्रांतीय संगठन मंत्री श्री आशोक अग्रवाल ने भी मंत्री श्री रिणवाजी का अभिनन्दन किया। भाजपा के राज्यिक कौषाध्यक्ष श्री राजकुमारजी शर्मा का भी अभिनन्दन किया गया। यह जानकारी कामरूप शाखा के मीडिया सलाहकार श्री सम्पत मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

सात दिवसीय योग शिविर का समापन सोमवार 8 मई 2017 को हुआ। इस शिविर लग-भग 400 योगाभ्याशीयों नो योगाभ्याश किया। समापन सत्र में सभी योगाचार्य एवं उनके सभी सहयोगीयों को मारवाड़ी सम्मेलन, कामरूप शाखा के पदाधीकारी एवं सदस्यों ने प्रतीक चिह्न एवं फुलाम गमछा से सन्मानित किया। शिविर में भाग लेने वाले साधकों ने अपने-अपने अनुभव सुनाए। श्री दिनेश गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ योग साधक घोषित किया गया। शिविर के समापन के अवसर पर कामरूप शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष्य श्री संपत मिश्र व प्रांतीय संगठन मंत्री श्री अशोक अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। योग साधक एवं स्थानीय लोगों की मांग पर इस शिविर को तत्काल प्रभाव से स्थायी योग केन्द्र का रुप दे दिया गया। रोजाना प्रात: 6 बजे से यह शिविर यथावत हरियाणा भवन में चलता रहेगा शिविर में महेश योग समिति के योगाचार्य श्री मदन मोहन मल, श्री शंकर बिल, श्रीमती कुसुम जालान, श्रीमती अनिता अग्रवाल, श्री गिरधारी लाल झंवर, श्रीमती सुशीला अग्रवाल एवं श्री सुशील किल्ला द्वारा शिथिलाकरण व्यायाम, सुर्य नमस्कार, विभिन्न आसन, प्राणायाम, शवासन, हंसी क्रिया आदि का योगाभ्यास करवाया जा रहा है। शिविर को स्थायी रूप दिये जाने के बाद भी रोजाना 40-45 योगाभ्यासी योगा लाभ उठा रहे है। कार्यक्रम संयोजक श्री दिनेश गुप्ता एवं शाखा के सदस्य श्री राजीव अग्रवाल, श्री प्रभात शर्मा, श्री संजय खेतान, श्री आनन्द अग्रवाल, श्री सुशील अग्रवाल (एडवोकेट) नियमित रूप से योग केन्द्र में उपस्थित रहते है।